# बैठक कार्यवृत्त

दिनांक 18.07.2026 दिन शनिवार को समय सायं 5:00 बजे जल जीवन मिशन योजना के कार्यों की समीक्षा बैठक गाँधी सभागार कन्नौज में जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गयी । बैठक में निम्नलिखित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे ।

1. अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कन्नौज।
2. प्रतिनिधि जी०वी०पी०आर० हैदराबाद।
3. प्रतिनिधि वी०एस०ए० इन्फ्रा हैदराबाद।

बैठक में जिलाधिकारी, महोदय द्वारा दोनों संस्थाओं की पृथक–पृथक समीक्षा करते हुए निम्नवत निर्देश दिए गये ।

**1–भारत सरकार / दर्पण पोर्टल पर रैंकिंग:–** समीक्षा में पाया गया कि टैप वाटर कनेक्शन में जनपद के लक्ष्य 274534 के सापेक्ष उपलब्धि 268754 है, जो 97.90 प्रतिशत है, जो कि प्रदेश में 40वें स्थान पर है। 685 के सापेक्ष 498 राजस्व ग्राम सर्टिफाइड है, जो कि 72.38 प्रतिशत है तथा प्रदेश में 06वें स्थान पर है । अधिशासी अभियन्ता, जल निगम कन्नौज को जनपद की एफ०एच०टी०सी० प्रगति बढ़ाते हुए सर्टिफाइड एवं हैण्डओवर ग्रामों की संख्या अगले सप्ताह तक बढ़ाये जाने के निर्देश दिए गये । हर घर कनेक्शन दर्पण पोर्टल की समीक्षा का बिन्दु है, इसलिए इसे शत प्रतिशत तक करने का निर्देश दिया गया ।

**1–वी०एस०ए० इन्फ्रा:** वी०एस०ए० इन्फ्रा द्वारा 128 परियोजनाओं में 201 राजस्व गाँव एव 138 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 138 के सापेक्ष सभी 138 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 1385 किमी० पाइपलाइन बिछाने के सापेक्ष 1379 किमी० पाइपलाइन बिछायी जा चुकी है, कुल 06 किमी० पाइपलाइन बिछाया जाना अभी अवशेष है। एफ०एच०टी०सी० 83264 के सापेक्ष 76831 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 128 परियोजनाओं के 201 राजस्व गाँव के सापेक्ष मात्र 48 ग्राम सर्टिफाइड हुए हैं। अभी भी 118 के सापेक्ष 59 ओ०एच०टी० का कार्य पूर्ण होना शेष है । ओ०एच०टी० निर्माण एवं सर्टिफिकेशन में वी०एस०ए० इन्फ्रा की प्रगति अत्यन्त खराब पायी गयी, जिसके लिए उनको कार्यों में सुधार करने के लिए निर्देशित किया गया। मैसर्स वी०एस०ए० इन्फ्रा द्वारा अगले सप्ताह तक ओ०एच०टी० 01 एवं सर्टिफिकेशन 02 ग्रामो में कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है । इनकी प्रगति अत्यन्त दयनीय होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी ।

**2–जी०वी०पी०आर०:–** जी०वी०पी०आर० की 188 परियोजनाओं में 327 राजस्व गाँव एवं 249 ग्राम पंचायतों में कार्य कराये जाने का लक्ष्य दिया गया था। कुल 209 के सापेक्ष सभी 209 ट्यूबवेल निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। कुल 2104.67 किमी० पाइपलाइन बिछाने के लक्ष्य के सापेक्ष 2104.67 किमी० पाइपलाइन का कार्य कराया जा चुका है। अब पाईप लाइन बिछाने एवं ट्यूबवेल निर्माण का कार्य कोई अवशेष नहीं है। एफ०एच०टी०सी० 114482 के सापेक्ष 114057 कनेक्शन दिए जा चुके हैं। कुल 188 परियोजनाओं के 327 राजस्व गाँव के सापेक्ष 302 ग्राम सर्टिफाइड हो चुके हैं । अभी 181 ओ०एच०टी० का कार्य पूर्ण है । कोई भी ओ०एच०टी० शेष नहीं है ।

गत बैठक में जी०वी०पी०आर० द्वारा 06 ग्राम सर्टिफाइड कराया गया है । फर्म द्वारा अगले सप्ताह तक 02 ग्रामों का सर्टिफिकेशन कार्य पूर्ण कराये जाने का आश्वासन दिया गया है ।

Scanned with OKEN Scanner

मुख्य निर्देश :-

1. अधिशासी अभियन्ता जल निगम कन्नौज को अतिरिक्त पाइप लाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त मार्गों का पुनरुद्धार प्राथमिकता पर कराये जाने के निर्देश दिये गये।

2. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन ग्रामीण पेयजल योजनाओं के छूटे हुये गृह नल संयोजन कराये जाने हेतु फर्मों को निर्देशित किया गया है।

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि मै0 वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा कराये जा रहे फर्मों में कन्नौज विकास खण्ड की गुखरू पेयजल योजना एवं बहरीन पेयजल योजना की स्थिति अत्यन्त दयनीय होने के कारण सहा0 अभि0 एवं जू0 इंजी0 तथा टी0पी0आई0 के साथ फोटो सहित संयुक्त निरीक्षण आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिये।

4. मै0 वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद द्वारा निर्माणाधीन कार्यों में रुचि न लेने तथा समयान्तर्गत कार्यों में प्रगति न आने के कारण अनुबन्ध की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत दण्डात्मक कार्यवाही (ब्लैक लिस्ट) / FIR करते हुए अन्य फर्म से कार्य कराने के निर्देश दिये गये।

5. मै0 वी0एस0ए0 इन्फ्रा हैदराबाद के जी0एम0 श्री मूर्ति को व्यक्तिगत रूप से योजनाओं की प्रगति की सुसंगत सूचनाओं के साथ जिलाधिकारी महोदय से वार्ता हेतु उपस्थित होने के निर्देश दिये गये।

Digitally signed by
ASHOK KUMAR RAO
Date: 25-07-2026
12:53:52

(ए0 के0 राव)
अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय
उ०प्र०जल निगम (ग्रामीण)
कन्नौज।

**<u>अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण), कन्नौज।</u>**

पत्रांक:– 1763 / M-7 / 102 दिनांक:– 25/07/26

प्रतिलिपि:- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जलनिगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी, महोदय कन्नौज।
4. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय कन्नौज।
5. जिला विकास अधिकारी, कन्नौज।
6. जिला पंचायत राज अधिकारी, कन्नौज।
7. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद कन्नौज।
8. मैसर्स जी०वी०पी०आर० इन्जी० लि० मि० हैदराबाद।
9. मैसर्स वी०एस०ए० इन्फ्रा हैदराबाद।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner